आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 23.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में अगले वर्ष जनवरी में परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करेंगे।

2. नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई यात्रा करने वालों को राहत देते हुए हवाई अड्डे पर "उड़ान यात्री कैफे" शुरू करने की घोषणा की है।

3. मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने कल बहुप्रतीक्षित आइलैण्ड हैरिटेज वॉक का शुभारंभ किया।

4. अंडमान निकोबार चुनाव आयोग द्वारा आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए अगले वर्ष बारह जनवरी को उप–चुनाव की घोषणा की गई है।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में अगले वर्ष जनवरी में परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करेंगे। द्वीपसमूह में छठीं से बारहवीं कक्षा तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अलावा शिक्षकों और अभिभावकों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया गया है। चौदह जनवरी तक माई जी ओ वी पोर्टल पर ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को प्रधानमंत्री से सीधे प्रश्न पूछने का अवसर प्रदान किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाणपत्र दिया जाएगा। एन सी ई आर टी द्वारा चुने गए प्रश्नों को कार्यकम में शामिल किया जाएगा। द्वीपों के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से दिए गए लिंक पर संपर्क कर कार्यकम में शामिल होने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई यात्रा करने वालों को राहत देते हुए हवाई अड्डे पर "उड़ान यात्री कैफे" शुरू करने की घोषणा की है। इस कैफे में भोजन और पानी जैसी बुनियादी ज़रूरतें किफ़ायती और उचित दरों पर उपलब्ध होंगी। इस अनूठी पहल को शुरुआत में कोलकाता हवाई अड्डे पर शुरू किया जा रहा है।

<><><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने कल बहुप्रतीक्षित आइलैण्ड हैरिटेज वॉक का शुभारंभ किया। अण्डमान के समृद्ध इतिहास और संस्कृति में दिलचस्पी रखने वाले लोगों के लिए यह एक अनूठा कार्यक्रम था, जिसमें मुख्य सचिव के साथ द्वीपों के नागरिक और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी पद यात्रा प्रतिष्ठित विन्टेज अण्डमान क्लब से शुरू कर क्लॉक टावर, सेल्युलर जेल, अबरडीन युद्ध स्मारक,सुनामी स्मारक और फोर–शोर रोड़ पर जपानी बंकर होते हुए ऐतिहासिक चाथम सॉ– मील पर आकर समाप्त किए। मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने आगे बढ़ कर द्वीपों की अनूठी विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में सामूहिक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि द्वीप विरासत यात्रा न केवल हमारे अतीत की यात्रा है बल्कि आने वाले पीड़ियों के लिए हमारे संस्कृति पहचान को सुरक़्षित रखने की प्रतिबद्धता है। वर्तमान को अतीत से जोड़ने की पहल के रूप में आइलैण्ड हैरिटेज वॉक में सभी उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दिल से सराहना की। यह क्षेत्र की एतिहासिक संपदा के प्रतीक जागरूकता और गर्व को बढ़ावा देने के लिए अण्डमान निकोबार प्रशासन के समर्पण का प्रमाण है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चुनाव आयोग द्वारा आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए अगले वर्ष बारह जनवरी को उप–चुनाव की घोषणा की गई है। डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत पश्चिम सागर निर्वाचन क्षेत्र में ग्राम पंचायत समिति सदस्य, नबाग्राम निर्वाचन क्षेत्र में नबाग्राम–एक में सदस्य और फरारगंज तहसील के अंतर्गत होपटाउन निर्वाचन क्षेत्र में होपटाउन–एक में सदस्य के पद के लिए उप–चुनाव कराया जाएगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय सहकारी कल्याण सोसाइटी लिमिटेड में प्रबंधन समिति के लिए उनतीस दिसम्बर को चुनाव कराया जाएगा। आज और कल उम्मीदवारों के लिए सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक नामांकन फार्म जारी किया जाएगा और इन्हीं तिथियों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक नामांकन जमा किया जा सकता है। कल शाम चार बजकर पैंतालीस मिनट पर सी सी डब्लू एस के सूचना पट्ट पर उम्मीदवारों की सूची दर्शा दी जाएगी। दावे और आपत्तियां छब्बीस दिसम्बर को सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे के बीच ए आर सी एस के कक्ष में जमा किये जा सकते हैं। उम्मीदवार अपने नाम छब्बीस दिसम्बर को दोपहर दो बजे से तीन बजे के

बीच वापस ले सकते हैं। चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची तीन बजकर पन्द्रह मिनट पर सोसाइटी के सूचना पट्ट पर दर्शा दी जाएगी। चुनाव चिन्ह का आवंटन शाम साढ़े तीन बजे से किया जाएगा। उनतीस दिसम्बर को जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडपम में दिन में दस बजे से चुनाव कराया जाएगा और शाम छः बजे वोटों की गिनती के बाद परिणाम घोषित कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

कारीगरों और फेरीवालों के लिए खुली जगह और सर्कल–दो में खुली जगह के आवंटन के लिए लॉटरी आज दोपहर तीन बजे अंडमान टील हाउस, डेलानीपुर, के सम्मेलन हॉल में आयोजित की जाएगी। आवेदक या उनके प्रतिनिधि से कहा गया है कि बताए गए समय और स्थान पर उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

विज्ञान केंद्र, श्री विजयापुरम में कल कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के स्कूली विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय विज्ञान परियोजना प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट मॉडल को जनता के अवलोकन के लिए  प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शित प्रोजेक्ट में से निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ तीन मॉडल का चयन किया गया। प्रतियोगिता में श्री विजयपुरम एवं उसके आसपास के विभिन्न विद्यालयों से कुल सत्ताईस मॉडल प्रदर्शित किए गए। विज्ञान केंद्र के सभागार में सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विवेकानंद केंद्र विद्यालय, लम्बालाईन के अनिमेष रॉय द्वारा प्रस्तुत 'आई ओ टी आधारित खाद्य विकृति पहचान प्रणाली' परियोजना को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय, बृक्शाबाद के के. हर्षित द्वारा प्रस्तुत 'मृदा ताप तालमेल' को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ तथा, कामराज सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बी. मेघना द्वारा प्रस्तुत 'भू–स्थिर उपग्रह' को तीसरा पुरस्कार विजेता घोषित किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के संयुक्त निदेशक एवं वैज्ञानिक डॉ. लालजी सिंह ने विजेताओं को पांच हज़ार, तीन हजार और दो हजार के नकद पुरस्कार के साथ व्यक्तिगत प्रमाण पत्र के और ट्रॉफी देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में चाइल्ड हेल्पलाइन एक शून्य नौ आठ के तहत अनुबंध के आधार पर हेल्पलाइन प्रशासक के एक पद पर नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवार का कानून, सामाजिक कार्य,

सोशियोलॉजी, सामाजिक विज्ञान या मनोविज्ञान में स्नातक का होना अनिवार्य है। उम्मीदवार स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। चयनित उम्मीदवार को पचास हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन जरूरी दस्तावेजों के साथ समाज कल्याण निदेशक के पते पर बीस जनवरी तक जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार प्रशासन के प्रशासनिक सुधार और प्रशिक्षण विंग द्वारा सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से प्रशासन के विभिन्न विभागों में कार्यरत लिपिक संवर्ग के प्रधान लिपिक, उच्च श्रेणी के लिपिक और निम्न श्रेणी के लिपिकों के लिए आर टी आई और कार्यालय प्रक्रिया, नोटिंग, ड्राफ्टिंग और रिकॉर्ड प्रबंधन पर पांच दिवसीय पेरिपेटेटिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह कल टैगोर कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सहायक सचिव यूडी प्रशिक्षण में सरलम्मा मुख्य अतिथि थीं। मुख्य अतिथि के साथ सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक नमिता मलिक और उप निदेशक पुनीत कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल छियालिस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>